सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग, बिहार
प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या– **50**
14/01/2026

# बिहार लोक भवन में मकर संक्रांति उत्सव का आयोजन किया गया

**पटना 14 जनवरी, 2026 :–** बिहार लोक भवन में मकर संक्रांति उत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए माननीय राज्यपाल श्री आरिफ मोहम्मद खां ने कहा कि मकर संक्रांति एक अनूठा त्योहार है और यह भारतीय संस्कृति की आत्मा का परिचायक है।

उन्होंने कहा कि मकर संक्रांति के दिन उस परिवर्तन का उत्सव मनाया जाता है, जो काफी धीरे–धीरे और अत्यंत सहज व शांत रूप से घटित होता है। इस दिन सूर्य दक्षिणायन से उत्तरायण की ओर अग्रसर होता है। दुनिया में यह त्योहार सिर्फ भारत में ही मनाया जाता है।

राज्यपाल ने कहा कि परिवर्तन अवश्यंभावी है और इसे रोका नहीं जा सकता, किंतु जो परिवर्तन धीरे–धीरे आता है वही स्थायी और टिकाऊ होता है। विश्व में अनेक क्रांतियाँ हुईं, परंतु उनका प्रभाव 10, 20 या 50 वर्षों में समाप्त हो गया। भारतीय संस्कृति में क्रांति के स्थान पर संक्रांति की अवधारणा है, जिसमें क्रमिक परिवर्तन होता है और उसका प्रभाव दीर्घकालिक होता है।

इस अवसर पर 'किलकारी' के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। माननीय विधायक एवं सुप्रसिद्ध लोकगायिका सुश्री मैथिली ठाकुर ने भी अपनी प्रस्तुति दी।

इस अवसर पर माननीय उप मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी एवं विजय कुमार सिन्हा, बिहार विधान परिषद् के माननीय सभापति श्री अवधेश नारायण सिंह,
अन्य मंत्रीगण, सैन्य अधिकारीगण, विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपतिगण, वरीय पदाधिकारीगण एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

.........................................